कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।
पत्रांक 1236 /14–1,(Noc),बरेली,दिनांक, 28 सितम्बर, 2020।

सेवा मे,

क्षेत्रीय वनाधिकारी,
बरेली।

विषयः– जनपद बरेली में बरेली–रामपुर मार्ग (पुराना एन0एच0–24) किमी0 242, चैनेज 241.650, प्लाट नं0–सी0पी03, सी0बी0गंज तहसील–सदर, जिला बरेली पर रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 द्वारा विकसित किये जा रहे सिक्का होटल के सम्पर्क मार्ग में प्रभावित 0.0922187 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति सम्बन्धी।

सन्दर्भः– प्राधीकृत हस्ताक्षरकर्ता, रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 का पत्र दिनांक 28.09.2020।

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे। रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 के उक्त पत्र दिनांक 28.09.2020 द्वारा अवगत कराया गया है कि विषयक प्रस्ताव ऑनलाईन परिवेष पोर्टल पर वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत आवेदित कर दिया गया है, तथा प्रस्ताव प्रभागीय स्तर पर लम्बित है। इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र दिनांक 28.09.2020 में उल्लिखत तथ्यों की स्थलीय जॉच कर अपनी स्पष्ट संस्तुति सहित आख्या उप प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे साथ ही निम्नवत् सूचनांए भी प्रेषित करें।

01. प्रभावित वन भूमि का क्षेत्रफल हेक्टर में/वृक्षों की स्पष्ट सूचना।
02. प्रभावित वृक्षों की प्रजातिवार व्यासवार श्रेणीवार सूचना।
03. प्रस्तावक द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम का उल्लघंन किया गया है अथवा नही।
04. प्रस्तावित स्थल पर विद्यमान वृक्षारोपण की सूचना तथा अन्य वन संपत्ति का विवरण।
05. प्रस्तावित क्षेत्र में कोई संरक्षित पुरातत्वी/पारम्परिक झील/रक्षा प्रतिष्ठान स्मारक क्षेत्र स्थित नही है का प्रमाण पत्र।
06. प्रस्तावित क्षेत्र/संरक्षित वन भूमि में अनुसूचित/आदिम जनजाति/प्रारम्भिक कृषक समुदाय और अन्य परम्परागत वन निवासी निवास नही करता है और न ही प्रभावित होता है तथा न ही कोई दावा लम्बित/विचाराधीन है।
07. प्रस्तावित भूमि संरक्षित वन भूमि है अथवा नही तथा मार्ग का नाम।
08. प्रस्तावक द्वारा वि सम्पर्क मार्ग निर्माण किया गया है अथवा नही तथा सम्पर्क मार्ग में बाधक वृक्षों का पूर्ण विवरण प्रेषित करें।
09. क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु 0.19 हे0 उपयुक्त स्थल का चयन कर उसकी जी0पी0एस0 रीडिंग एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण का प्रांक्कलन 10 वर्षो के अनुरक्षण सहित इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

संलग्नकः– यथोपरि।

प्रभागीय वनाधिकारी,
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रॉक 1236 /14–1,दिनांकित।

प्रतिलिपि प्राधीकृत हस्ताक्षरकर्ता, रियल वर्चुअल वर्क्स प्रा0 लि0 को उनके पत्र दिनांक 28.09.2020 के क्रम में सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि कृपया आप संयुक्त निरीक्षण हेतु सक्षम अधिकारी को नामित कर निर्देशित करे कि वे क्षेत्रीय वनाधिकारी, **बरेली** से सम्पर्क स्थापित कर स्थल का निरीक्षण करवायें।

प्रतिलिपि उप प्रभागीय वनाधिकारी, **बरेली** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

(F/-(Surveyor सर्वेयर) NOC/ Noc एन.ओ.सी. Lettar - Atv)